# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में श्री नड्डा ने बताया कि अब तक तीन करोड 60 लाख से अधिक लोगों की जाँच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर तक जांच की संख्या चार करोड़ को पार करने की संभावना है। श्री नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश का स्वास्थ्य दृष्टिकोण, उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर एक समग्र मॉडल की ओर बढ़ गया है।

********************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अगले कुछ वर्षों में, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण भारत में प्रमुख रोजगार क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री वैष्णव ने कहा कि देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण ईको सिस्टम का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते छोटे और मध्यम उद्यम और आपूर्तिकर्ता विकसित हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि डिज़ाइन क्षमताएँ बढ़ रही हैं और नए डिज़ाइन और विनिर्माण प्रक्रियाएँ उभर रही हैं।

********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में भारतीय तटरक्षक बल कमांडर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने कहा कि रक्षा बलों को बहुआयामी सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

********************

एसीबी ने न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी विनय सिंह के हजारीबाग में डेमोटांड़ स्थित गाड़ी शोरूम को अस्थायी रूप से सील कर दिया। शराब और भूमि घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के तहत कल सुबह से हुई इस कार्रवाई में शोरूम के बाहर नोटिस भी चिपकाया गया। एसीबी डीएसपी ने बताया कि विनय सिंह के खिलाफ दोनों मामलों की जांच चल रही है और इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

********************

आज नवरात्रि का सातवां दिन महासप्तमी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में देवी माता के आशीर्वाद से सबके कल्याण की कामना की है। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्य की सुख समृद्धि की कामना की है।

********************

गुमला में दशहरा पूजा को लेकर जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। नवरात्रि की षष्ठी पर भक्तों ने बेलबरण की पूजा पारंपरिक रीति से की, साथ ही शहर के पंडालों और सड़कों को विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप दिया गया। गुमला में दुर्गा पूजा की शुरुआत 1921 में बंगाली समुदाय ने की थी और अब जिलेभर में धूमधाम से पूजा आयोजित हो रही है।

********************

इधर लोहरदगा जिला भी शारदीय नवरात्र पर भक्तिमय माहौल में डूबा है और पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रशासन ने पूजा को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं और जगह–जगह दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

********************

सिमडेगा जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में चार अक्टूबर तक अलग–अलग जिलों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई है। दो अक्टूबर को देवघर, दुमका, गिरिडीह समेत उत्तर–पूर्वी जिलों में, जबकि तीन और चार अक्टूबर को उत्तरी मध्यवर्ती और उत्तर–पूर्वी जिलों में बारिश हो सकती है। इन इलाकों में वज्रपात और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********समाप्त***********